Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to expedite the work of railway line in Karwartha and Mungeli in Bilaspur Parliamentary Constituency, Chattisgarh.

**श्री अरूण साव (बिलासपुर):** माननीय सभापति महोदय, देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं, परन्तु आज भी मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत मुंगेली और कवर्धा की जनता आज भी रेल की सुविधा के लिए तरस रही है। मुंगेली में तो अंग्रेजों के शासनकाल में ही रेलवे लाइन बनाने का काम प्रारम्भ हो गया था। लेकिन अंग्रेजी शासन के अंत के साथ ही वह योजना बंद हो गई। वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में सरकार बनी, तब मेरे क्षेत्र की जनता में एक आशा जगी और जनता की उम्मीदों को पूरा करते हुए, माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने वर्ष 2018 में उस रेल लाइन की मंजूरी दी। लेकिन इतने समय के बाद भी काम में कोई प्रगति नहीं दिख रही है।

माननीय नरेन्द्र मोदी जी और माननीय पीयूष गोयल जी के नेतृत्व में रेलवे का चहुँमुखी विकास हो रहा है। लेकिन मैं माननीय पीयूष गोयल जी से आग्रह करूँगा कि इस परियोजना में भी व्यक्तिगत रूप से रुचि लेते हुए, मेरे मुंगेली और कवर्धा क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए, इस परियोजना के काम में गति लाएं।